प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 08.06.2024 समयः 2.10 PM

प्रधानमंत्री–शपथ ग्रहण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर कल भारत के पडोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए नेताओं की यह यात्रा भारत द्वारा अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए है।

संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण का कार्य किया जाएगा। 16 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य प्रदेश में आरंभ होगे। सतना और आगरमालवा जिले में भी नदी, तालाब, पोखर जैसे जल स्रोतों के संरक्षण एवं जीर्णाद्धार का कार्य किया जा रहा है

खेल एवं युवा कल्याण

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने खेल में युवा प्रतिभाओं को निखारने और खेल अधोसंरचना विकास की दिशा में नवाचार करने के निर्देश दिये है। एक समीक्षा बैठक में श्री सारंग ने खेल विभाग के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आगामी कार्य–योजना संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवाओं को योग से भी जोड़ें और योग दिवस पर विभागीय गतिविधियाँ हों। साथ ही यूथ एक्टिविटी को प्राथमिकता दें। युवाओं को खेल मैदान तक लाने का प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर बच्चों के लिये एक–दो माह की खेल गतिविधियाँ आवश्यक रूप से प्लान की जाये ।

योग दिवस

सूचना और प्रसारण मंत्रालय योग अभ्यास के बारे में जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने कहा कि दूरदर्शन, सुबह के विशेष लाइव शो प्रसारित करने के साथ–साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम और साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। वहीं आकाशवाणी, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने और लोगों के समग्र कल्याण के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक योग गीत तैयार किया है जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा।

फिल्म फेस्टिवल

जनसम्पर्क मध्यप्रदेश के उपक्रम मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म "अजय ध्वजा" 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2024 मिफ में दिखाई जाएगी। विश्व के चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल्स में शामिल मिफ का शुभारंभ 15 जून को शाम 5 बजे मुंबई के नेशनल परफोर्मिंग आर्ट्स सेंटर में होगा। फिल्म अजय ध्वजा का चयन "भारत अमृत काल में" केटेगरी में किया गया है। फिल्म में भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा और

इतिहास का विस्तार से संगीतमय चित्रण किया गया है। सात दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में फिल्म जगत से जुड़ी नामी हस्तियां शिरकत करेंगी। विभिन्न केटेगरी में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर उभरते हुए फिल्म मेकर्स के लिए वर्कशॉप, मास्टर क्लासेस और पेनल डिस्कशन होगा।

समाचार संक्षेप

- शिवपुरी जिले में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन के लिए जिले में 07 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसके लिए किसान 10 जून तक पंजीयन कर सकेंगे।
- बैतूल जिले में दो दिन की राहत के बाद सूरज की तपन फिर बढने् लगी है। पिछले दो दिनों में ही अधिकतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41डिग्री से अधिक हो गया है।
- सतना जिले में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला 10 से 20 जून तक' आयोजित किया जायेगा।
- आगरमालवा जिले में मानसून अवधि 15 जून से 15 अक्टूबर तक के लिये जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।